श्याम की न. 1 यारी

हार के आया जो भी खाटू,
दिखा दी दिलदारी,
है यारो का यार,
श्याम की न 1 यारी॥

दिल जो लगाए श्याम धनी से,
दिल से लगाए श्याम,
हर रस्ता रोशन हो जाए,
साथ चले जब श्याम,
है ऐसा दिलदार,
श्याम की न 1 यारी,
है यारो का यार,
श्याम की न 1 यारी॥

दिल से पुकारे श्याम धनी को,
उसका हो जाए श्याम,
बैठे बैठे मौज उड़ाए,
बन जाए हर काम,
है सच्ची सरकार,
श्याम की न 1 यारी,
है यारो का यार,
श्याम की न 1 यारी॥

हो जाए जो श्याम धनी का,
उसे निभाए श्याम,
'दीपक' श्याम धनी का होके,
ले ले श्याम का नाम,
बाबा लख दातार,
श्याम की न 1 यारी,
है यारो का यार,
श्याम की न 1 यारी॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25258/title/shyam-ki-no-1-yaari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |